ग्रामोद्योग संचालनालय हाथकरघा प्रभाग
चतुर्थतल, ब्लॉक-ए, इन्द्रावती भवन, नयारायपुर 492002 (छ.ग.)
फोननं.-0771-2221766 एवं नं.-0771-2511549 email-handloomraipur@gmail.com

क्र./हा./बि.म.पु.यो./2023-24/1323 नया रायपुर दिनांक 22.08.2023

## बिसाहूदास मंहत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार योजना वर्ष 2022-23 हेतु प्रविष्टियों का आमंत्रण

छत्तीसगढ़ शासन ग्रामोद्योग विभाग द्वारा प्रदेश के हाथकरघा वस्त्र उद्योग को संरक्षण प्रदान करने तथा बुनकरों की कल्पनाशीलता, योग्यता, तथा कारीगरी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्व. श्री बिसाहूदास मंहत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार योजना की स्थापना की गयी है ।

श्री बिसाहूदास मंहत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार योजना के तहत वर्ष 2022-23 के लिए प्रदेश के बुनकरों से आवेदन सहित दिनांक 21.09.2023 को शाम 4.00 बजे तक प्रविष्टियॉं आमंत्रित की जाती है ।

### पुरस्कार का स्वरूप :-

श्री बिसाहूदास मंहत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार योजना अंतर्गत प्रत्येक वर्ष 02 बुनकरों को पुरस्कार राशि एक-एक लाख रूपये के मान से कुल राशि रू. 2.00 लाख (अक्षरी राशि रू. दो लाख रूपये मात्र) नगद पुरस्कार तथा प्रतीक चिन्ह शॉल एवं श्रीफल दिया जावेगा । यह पुरस्कार निर्णायक मंडल द्वारा चयनित सर्वश्रेष्ठ दो बुनकरों को दिया जावेगा ।

### प्रविष्टियॉं :-

प्रदेश के हाथकरघा बुनकरों के द्वारा किसी भी प्रकार के धागों पर पारम्परिक/आधुनिक डिजाईन में विभिन्न रंगों के संयोजन/रंग विहिन के साथ बुने गये सभी प्रकार के वस्त्र शामिल होगें। उक्त पुरस्कार योजना में हाथकरघा कोसा/रेशम के अतिरिक्त अन्य वस्त्रों की प्रविष्टियॉं मान्य नहीं होगी ।

### पुरस्कार हेतु मुख्य नियम व शर्तें :-

1. प्रविष्टि प्रस्तुत करने हेतु आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना चाहिए।
2. आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु का बंधन नहीं है।
3. प्रस्तुत प्रविष्टि, आवेदक द्वारा हाथकरघा पर स्वयं के द्वारा बुनाई की गयी हो, इस संबंध में निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र में उल्लेख करना होगा ।
4. एक आवेदक का एक ही प्रविष्टि स्वीकार्य की जावेगी ।
5. पूर्व पुरष्कृत प्रविष्टि इस योजनांतर्गत पुरस्कार हेतु ग्राह्य नहीं होगी । इस योजनांतर्गत प्रविष्टि प्रथम बार प्रस्तुत करने के संबंध में आवेदक को रूपये 50/- के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र देना होगा ।
6. कोई भी शासकीय/अर्धशासकीय/सहकारी संस्था/संघ के कर्मचारी इस पुरस्कार योजना में भाग नहीं ले सकेगें ।
7. प्रविष्टि में दिये गये तथ्यों/निष्कर्षों/प्रमाणों का संपूर्ण उत्तरदायित्व प्रविष्टि के प्रस्तुतकर्ता का होगा ।
8. पुरस्कार के चयन के संबंध में कोई आपत्ति अथवा अपील स्वीकार्य नहीं होगी ।

आवेदन कैसे करें :-

इच्छुक आवेदक अपनी प्रविष्टि प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित आवेदन पत्र, प्रपत्र व पुरस्कार के विस्तृत नियम एवं शर्तें जिला हाथकरघा कार्यालय रायपुर/दुर्ग/राजनांदगांव/जगदलपुर/महासमुंद/बिलासपुर/जांजगीर-चांपा/रायगढ़/अंबिकापुर/बालोद/गरियाबंद/बलौदाबाजार/कोरबा से आवेदन पत्र व प्रपत्र प्राप्त कर सकते है । आवेदक अपनी प्रविष्टि बंद लिफाफे में आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र सहित अपने जिले के कलेक्टर, के माध्यम से अथवा संबंधित जिला हाथकरघा कार्यालय अथवा संचालक, ग्रामोद्योग हाथकरघा संचालनालय हाथकरघा इंद्रावती भवन, चतुर्थ तल, ब्लाक-ए, नया रायपुर छत्तीसगढ़ में जमा कर सकते है । पुरस्कार हेतु प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तिथि 21.09.2023 को शाम 4.00 बजे तक है। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त प्रविष्टि पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। प्रविष्टि के ऊपर स्व. श्री बिसाहूदास मंहत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार योजना 2022-23 तथा आवेदक नाम व पूर्ण पता अंकित किया जाना अनिवार्य है ।

(चंद्रकांत वर्मा)
(I.A.S.)
संचालक
ग्रामोद्योग हाथकरघा
छत्तीसगढ़ रायपुर

## स्व.श्री बिसाहूदास मंहत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार योजना वर्ष 2022-23 के लिए प्रविष्टियां प्रस्तुत करने बाबत् आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

संचालक,
ग्रमोद्योग संचालनालय,
हाथकरघा प्रभाग,
छत्तीसगढ़, रायपुर.

नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करें।

द्वारा :- कलेक्टर, जिला .......................................... छत्तीसगढ़ प्रदेश.

विषय :- राज्य स्तरीय स्व.श्री बिसाहूदास मंहत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार योजना वर्ष 2022-23 में सम्मिलित होने हेतु आवेदन पत्र।

महोदय,

राज्य स्तरीय स्व.श्री बिसाहूदास मंहत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार योजना वर्ष 2022-23 में सम्मिलित होने बाबत् आवेदन-पत्र वस्त्र का नमूना (प्रविष्टि) प्रस्तुत कर रहा हूँ। मुझसे संबंधित जानकारी निम्नानुसार है :-

1) बुनकर का नाम एवं पूर्ण पता : ..............................................

(छत्तीसगढ़ मूल निवासी का : ..............................................

प्रमाण-पत्र संलग्न करें) : ..............................................

2) उम्र (जन्म तिथि सहित अंकित करें) (जन्म प्रमाण पत्र/शैक्षणिक प्रमाण-पत्र/ सरपंच का प्रमाण पत्र) जो उपलब्ध हो, संलग्न करें। : ..............................................

3) गुरू अथवा शिक्षक का नाम व पता : ..............................................

(जिससे बुनाई का प्रशिक्षण मिला है)

4) हाथकरघा बुनाई से संबंधित अनुभव : .................. वर्ष

5) वर्तमान मासिक आय : .................. रूपये

6) यदि पूर्व में कोई पुरस्कार मिला हो : ..............................................

तो उसका विवरण ..............................................

7) क्या वस्त्र बुनकर द्वारा स्वयं निर्मित किया गया है ........................................

एवं उक्त प्रविष्टि, पुरष्कार हेतु प्रथम बार प्रस्तुत किया जा रहा है ........................................

(स्टांप पेपर पर शपथ पत्र संलग्न करें)

8) पुरस्कार हेतु प्रस्तुत की जा रही प्रविष्टि का विस्तृत विवरण ........................................

..........................................................................................

| वस्त्र का नाम/विवरण | साईज | मूल्य |
|---|---|---|
| .................................. | .................... | .................... |

9) प्रविष्टि की विशेषता ..........................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

10) अन्य जानकारी जो बुनकर देना चाहे ..........................................................

11) पुरस्कार प्राप्त करने नहीं आ पाने की ..........................................................

दशा में पुरस्कार प्राप्त करने के लिए ..........................................................

नामांकित व्यक्ति का नाम, पता व रिश्ता ..........................................................

आवेदक बुनकर के हस्ताक्षर

## घोषणा

मैं यह प्रमाणित करता/करती हूँ कि उक्त प्रविष्टि मेरे स्वयं के द्वारा हाथकरघा पर बुनाई की गई है। मै इसे मेरी जिम्मेदारी पर स्व.श्री बिसाहूदास मंहत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार योजना वर्ष 2022-23 की प्रविष्टि हेतु दे रहा/रही हूँ। इसके रख रखाव में किसी भी प्रकार त्रुटि होने पर मैं किसी भी प्रकार का दावा नहीं करूँगा/करूँगी। चयन समिति द्वारा उक्त पुरस्कार हेतु लिया गया अंतिम निर्णय मुझे मान्य होगा।

दिनांक :-

आवेदक बुनकर के हस्ताक्षर

नाम :-......................................

पता :-......................................

## स्व.श्री बिसाहूदास मंहत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार योजना वर्ष 2022-23 हेतु प्रविष्टि प्रस्तुत करने बाबत् शपथ पत्र का प्रारूप-

मैं श्री/श्रीमति/कुमारी ................................................ पिता/पति श्री .......................................................................निवासी ग्राम ..........................तहसील .......................जिला ...........................प्रदेश .. ................................, सत्य निष्ठा से घोषणा करता/करती हूँ और वचन देता/देती हूँ कि स्व.श्री बिसाहूदास मंहत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार योजना वर्ष 2022-23 के लिये मेरे द्वारा प्रस्तुत यह प्रविष्टि (वस्त्र का नाम व किस्म) .......................................................मेरे स्वयं के द्वारा हाथकरघा पर बुना गया है, और मैं विगत .......... वर्षों से हाथकरघा पर वस्त्र बुनाई का कार्य व्यक्तिगत/.......................................... बुनकर सहकारी समिति मर्या .................... ........................के माध्यम से करता आ रहा/रही हूँ। प्रस्तुत की जा रही प्रविष्टि पूर्व पुरस्कृत नहीं है तथा पुरस्कार हेतु प्रथम बार प्रस्तुत की जा रही है।

मैं यह भी वचन देता/देती हूँ कि उपर्युक्त कथन असत्य पाये जाने पर मेरे विरूद्ध सक्षम प्राधिकारी द्वारा समुचित कार्यवाही के लिये मैं उत्तरदायी रहूँगा/रहूँगी।

मैं यह भी वचन देता/देती हूँ कि अपने जोखिम और उत्तरदायित्व पर स्व.श्री बिसाहूदास मंहत सर्वश्रेष्ठ बुनकर पुरस्कार योजना वर्ष 2022-23 के लिये अपनी प्रविष्टि प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ। इस दौरान यदि इस मद के लिए लाने ले जाने में अथवा किसी अप्रत्याशित कारण से कोई नुकसान/चोरी आदि होता है तो उसकी जिम्मेदारी मेरी होगी, शासन की नहीं होगी। योजना की समस्त नियम व शर्तें मुझे मान्य है।

पुरस्कार हेतु चयन होने की दशा में मैं पुरस्कार ग्रहण करने की सहमति प्रदान करता/करती हूँ।

पूरा नाम ................................
पता ....................................
हस्ताक्षर .................................
दिनांक ..................................

नोट :- उक्त शपथ पत्र 50/- के स्टांप पेपर पर नोटरी से सत्यापित कराकर आवेदन के साथ प्रस्तुत करना होगा।